# एनसीएल ने लक्ष्य से अधिक किया उत्पादन

## वित्त वर्ष 2025-26 में लक्ष्य से अधिक 140 .5 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर ऊर्जा संरक्षा में दिया अभूतपूर्व योगदान



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 1 अप्रैल। सिंगरौली स्थित कोल इण्डिया की अनुषंगी कंपनी एनसीएल ने वित्त वर्ष 2025-26 में कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।**

अपनी 10 अत्याधुनिक मशीनीकृत खुली खदानों के माध्यम से कंपनी ने लगातार वार्षिक उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने की अपनी एक दशक पुरानी विरासत को इस वित्त वर्ष 2025-26 में भी बरकरार रखा है। वित्त वर्ष 2025-26 में एनसीएल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 140.5 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.08 प्रतिशत अधिक है। एनसीएल की इस विशिष्ट उपलब्धि की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसकी सभी परियोजनाओं ने अपने कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त किया, जो समेकित प्रयास और उत्कृष्ट समन्वय को रेखांकित करता है। परियोजनावार उपलब्धियों में जयंन्त परियोजना ने 30 मिलियन टन के साथ सर्वाधिक योगदान दिया, जबकि दुद्धिचुआ एवं निगाही परियोजनाओं ने 25-25 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया।

अमलोरी एवं खड़िया परियोजनाओं ने 15-15 मिलियन टन, बीना परियोजना ने 10.5 मिलियन टन, कृष्णशिला एवं ब्लॉक-बी परियोजनाओं ने 7.5-7.5 मिलियन टन, झिंगुरदा परियोजना ने 4 मिलियन टन तथा ककरी परियोजना ने 1 मिलियन टन कोयला उत्पादन हासिल किया।

### बिजली क्षेत्र सहित ग्राहकों को दिया भरपूर कोयला

वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने बिजली क्षेत्र सहित अन्य ग्राहकों को गुणवत्तायुक्त 137 .08 मिलियन टन कोयले का प्रेषण किया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि एनसीएल ने बिजली की बुनियाद की अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन करते हुए, कुल प्रेषण का लगभग 86 प्रतिशत हिस्सा 117 .85 मिलियन टन बिजली घरों को भेजा है।

# सड़क निर्माण में तेजी लाने गडकरी से मुलाकात

## सीधी-सिंगरौली सड़क के मामले में सांसद की पहल



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 1 अप्रैल। लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने संसद भवन नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को लेकर चर्चा की। सांसद ने सीधी-सिंगरौली सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग रखी।**

इस बहुप्रतीक्षित राजमार्ग की नवीन संशोधित निविदा पिछले दिनों केसीसी बिल्डकॉन को प्राप्त हुई है तथा कागजी प्रक्रिया चल रही है। सांसद ने प्रक्रिया में तेजी लाकर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने के लिए मंत्री से आग्रह किया है। सांसद ने इसके साथ ही नये राजमार्ग बरगवां से कटनी सरई, मड़वास, ब्यौहारी, विजयसोता मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में उन्नयन कर फोरलेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव भी मंत्री के समक्ष रखा । बरगवां कटनी नए राजमार्ग की प्रारंभिक रूप रेखा 2021-22 में बनाई गई थी और इसकी सैद्धांतिक स्वीकृति स्थानीय प्रशासन व म.प्र. शासन द्वारा प्रदान की गई थी, किंतु इस विषय पर कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी थी। सांसद ने इस नये मार्ग के निर्माण के लिए मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराया और इसे सिंगरौली के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। सांसद ने कहा कि बरगवां कटनी नये मार्ग के बन जाने से कटनी सिंगरौली नये औद्योगिक कारीडोर का निर्माण आसान हो जायेगा और जिले की कनेक्टिविटी में नया अध्याय जुड़ जायेगा। मुलाकात के दौरान नितिन गडकरी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।



# गेंहू के खेत में दिखा तेंदुए का शावक वन विभाग को दी सूचना

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 1 अप्रैल, जिले के बैकुण्ठपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत गुहिया गांव में तेंदुआ का शावक देखे जाने के बाद हडकम्प मच गया. स्थानीय ग्रामीण खेत में गेंहू कटाई कर रहे थे उसी समय शावक खेत से होकर गुजर रहा था. जिसका ग्रामीणो ने वीडियो भी बनाया है. वन विभाग को भी जानकारी दी गई.**

तेंदुआ के शावक को देखे जाने के बाद से ग्रामीण ड़रे हुए है. दरअसल बुधवार की दोपहर ग्रामीण अपने खेत में गेंहू की कटाई कर रहे थे. इसी दौरान शावक खेत से गुजर रहा था. जिसको देखते ही ग्रामीण खेत से दूर हट गये और कई लोगो ने वीडियो भी बनाया. जिले में तेंदुआ कई जगह देखा गया है यह कोई पहला मामला नही है. इसके पूर्व भी बैकुण्ठपुर क्षेत्र में तेंदुआ पकड़ा जा चुका है.

दोपहर तेंदुए के शावक की जानकारी वन विभाग को दी गई, लेकिन वन विभाग एक्शन में नही आया. क्षेत्रीय ग्रामीण ड़रे हुए है अगर शावक देख गया है कही न कही नर-मादा तेंदुआ की मौजूदगी होगी. शाम तक वन विभाग जानकारी से इनकार करता रहा.

# तीन चरणों में होगा मैहर में मां शारदा लोक का निर्माण

## कमिश्नर-आईजी की बैठक में मास्टर प्लान का प्रजेन्टेशन



**नवभारत न्यूज**

**मैहर 01 अप्रैल. मैहर जिले में त्रिकूट पर्वत पर बिराजी मां शारदा देवी शक्तिपीठ का विकास और मां शारदा लोक का निर्माण तीन चरणों में किया जायेगा। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद और आईजी गौरव राजपूत ने बुधवार को मैहर पहुंचकर जिला प्रशासन, पुलिस और मंदिर प्रबंधन समिति के अधिकारियों की बैठक ली।**

मां शारदा लोक के निर्माण संबंधी इस महत्वपूर्ण बैठक में कंसलटेंसी एजेंसी धरोहर के संचालक श्रीमती संगीता सिंह ने मां शारदा लोक के मास्टर प्लान और ले आउट प्लान का पावर पाइंट प्रजेंटेशन दिया। बैठक के पश्चात कमिश्नर एवं आईजी ने मां शारदा मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में मां शारदा लोक के निर्माण के महत्वपूर्ण प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। मां शारदा लोक के प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि घन्टाघर चौक से देवी मंदिर, आल्हा ताल, आल्हा अखाडा, मेला परिसर को तीन जोन में विभक्त कर यात्री सुविधाओं के कार्य तीन फेज में कराये जायेंगे। इनमें मुण्डन संस्कार भवन, यज्ञ वेदी और यज्ञ शाला तथा कल्चरल जोन के पृथक से प्रावधान किये जायेंगे। कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने कहा कि त्रिकूट पर्वत की नैसर्गिक सुन्दरता और आध्यात्मिक महत्व को बरकरार रखते हुए मां शारदा लोक के निर्माण कार्य किये जाये। मंदिर परिसर की पहाड़ी पर सीमित स्थान है और वहां अधिक निर्माण और विस्तार कार्य नहीं हो सकते है। इन परिस्थितियों में मेला के दौरान एवं अन्य तिथियों में दर्शनार्थियों की अधिकतम संख्या को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर दर्शन में एक साथ अधिकतम संख्या में श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक दर्शन हो सके, इस बिन्दु को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा जाये। कल्चरल एक्टिविटीज के लिए पृथक से स्थान निर्धारित करना होगा। परिक्रमा पथ में यात्रियों को ठहरने शेल्टर का निर्माण और आल्हाताल, आल्हा मंदिर-अखाडा के पास नव गृह वाटिका को मिलाकर भजन संध्या स्थल भी बनाया जा सकता है। कमिश्नर ने कहा कि मां शारदा लोक के निर्माण के मास्टर प्लान को शीघ्र अंतिम रूप देकर कन्सलटेंसी के इंजीनियर्स तथा मंदिर समिति के अधिकारी संयुक्त रूप से प्रस्तावित स्थलों का मौका मुआयना करें। इसके बाद 15 मई तक निविदा आदि की प्रक्रिया पूरी कर कार्य आरंभ करने का प्रयास किया जाये।

आईजी ने कहा कि मां शारदा लोक के निर्माण से यहां श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ेगा। मंदिर परिसर में आगामी समय में 50 हजार प्रतिदिन के मान से श्रद्धालुओं की संख्या के मान से व्यवस्थायें प्लान करें।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, डीएफओ विद्याभूषण मिश्रा, एसडीएम दिव्या पटेल, तहसीलदार जितेन्द्र पटेल, कार्यपालन यंत्री पीएचई श्वेतांक चौरसिया, सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### पार्किंग स्थल में होगा बदलाव

कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि पुलघटा एरिया में वाहनों की पार्किंग की जायेगी। इसके अलावा रोपवे की क्षमता बढाकर इसके विस्तार की आवश्यकता भी होगी। बंधा बैरियर के पास कल्चरल गतिविधियों के लिए आडीटोरियम भी बनाया जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने बताया कि 2-3 दिन बाद कंसलटेंसी के अधिकारी इंजीनियर्स एवं जिला प्रशासन, मंदिर समिति के अधिकारी प्रस्तावित स्थलों का संयुक्त भ्रमण कर मास्टर प्लान को अंतिम रूप देंगे।

# मुखबिर की सूचना पर गांजा की खेती करने वाला आरोपी पकड़ाया

▸ चुरहट पुलिस ने की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 1 अप्रैल. चुरहट पुलिस ने खेत में उगाए गए गांजा के दो हरे पौधों को वैधानिक कार्रवाई के पश्चात बरामद किया है। जप्त किए गए पौधों का वजन 5 किलो 500 ग्राम कीमती 77 हजार रुपए है।**

पुलिस के अनुसार मुखविर से मिली सूचना पर 30 मार्च 2026 को पुलिस टीम द्वारा ग्राम परसवार में मो. कलीम पिता मो. रसूल निवासी वार्ड क्रमांक 4 के कब्जे वाले खेत पर दबिश दी गई। विवेचना के दौरान मालूम पड़ा कि मो. कलीम द्वारा रत्नाकर सिंह के खेत को अधिया में लेकर कृषि कार्य किया जा रहा था। फसलों की खेती के बीच में उसके द्वारा अवैध रूप से गांजा की खेती भी की गई थी। जांच के दौरान गांजा के दो हरे पौधे खेत में मिले। जिनका परीक्षण किया गया तो वह गांजा के थे। कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराते हुए गांजा के हरे पौधों को बरामद किया गया है। बरामद किए गए गांजा के दोनो पौधों का तौल पंचनामा के दौरान कराया गया। जिनका वजन 5 किलो 500 ग्राम मिला। जप्त किए गए गांजा को सफेद कपड़े में लपेटकर जप्ती की कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई थाना प्रभारी दीपक सिंह बघेल के नेतृत्व में की गई।



### आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

आरोपी के विरुद्ध स्वापक औषधि और मन- प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 8, 20(ए) स्वापक औषधि और मन- प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक धीरेंद्र बागरी, सुधा सिंह , आरक्षक विवेक द्विवेदी, विजय साकेत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष घनघोरिया आज रीवा आएगे



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 1 अप्रैल, मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया आज रीवा आएगे. दोपहर 12:00 बजे बाई रोड चोरहटा बाईपास में पहुचेगे.**

जहा जिलाध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल के नेतृत्व में स्वागत किया जायेगा. वहां से चल कर सीधे मानस भवन में कार्यकर्ता बैठक कार्यक्रम में शामिल होगे. कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो से परिचय संगठन विस्तार में चर्चा, संगठन की रणनीति में चर्चा आदि कार्यक्रम रखा गया है.

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक युवक घायल

## घायल का उपचार चितरंगी में जारी



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 1 अप्रैल। जिले के गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौडिहवा चौकी के क्योंटली-तमई सड़क मार्ग पर आज बुधवार की शाम तकरीबन 6:30 बजे मोटरसाइकिल सवार सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। वही एक युवक घायल है। जिसका उपचार चितरंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।**

नौडिहवा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संजय कोल पिता शम्भू कोल उम्र 20 वर्ष और अजय कोल पिता मनोज कोल उम्र 17 वर्ष दोनों निवासी खैड़ार अपने मोटरसाइकिल से जा रहे थे। ध्यान नहीं दिया और मोटरसाइकिल का स्टैंड लगा हुआ था। तेज स्पीड के चलते स्टैंड जमीन से टकराया और मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई। जिससे दोनों अनियंत्रित होकर गिर गए। इस घटना में अजय कोल की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। वही संजय कोल को नौडिहवा पुलिस के द्वारा उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी में भर्ती कराया गया है। जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं चर्चा है कि दोनों युवक नशे की हालत में थे। जिसके चलते यह हादसा हुआ है। फिलहाल उक्त घटना के बाद अजय की हुई मौत हो गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सतना में आज से लगेगा नि :शुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 अप्रैल. दिव्यांगजनों के लिए एक बड़ी राहत भरी पहल के तहत निःशुल्क सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।**

यह शिविर सांसद गणेश सिंह के प्रयासों से उत्थान सेवा फाउंडेशन द्वारा श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह विशेष शिविर 02 अप्रैल से 06 अप्रैल तक बिरला मार्केट स्थित कम्युनिटी हॉल में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित होगा, जहां जरूरतमंद दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार की सहायक सामग्री पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में कृत्रिम हाथ और पैर, व्हील चेयर, ट्राई साइकिल, कान की मशीन, कैलिपर एवं बैसाखी जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। आयोजनकर्ताओं ने अधिक से अधिक लोगों से अपील की है कि वे इस जानकारी को व्यापक रूप से साझा करें ताकि अधिकाधिक जरूरतमंद लोग इस शिविर का लाभ उठा सकें। विशेष रूप से 03 अप्रैल को सांसद गणेश सिंह स्वयं शिविर में उपस्थित रहकर कार्यक्रम का निरीक्षण करेंगे और लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। यह पहल सामाजिक सरोकार और जनसेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण मानी जा रही है, जो दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# तालाब में डूबने से प्रौढ़ व्यक्ति की मौत

**सिंगरौली 1 अप्रैल।** चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बोदाखुटा निवासी एक प्रौढ़ व्यक्ति का करीब चौथे दिन शव तालाब में तैरता हुआ मिला है। पुलिस मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस के अनुसार ग्राम बोदाखुटा निवासी सुखपति अगरिया पिता शेषमणि अगरिया उम्र 38 वर्ष पिछले दिनों शनिवार 28 मार्च से लापता हो गया था।

# बैकुण्ठपुर पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 1 अप्रैल, नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बैकुंठपुर पुलिस ने बीती रात खम्हरिया गांव में दबिश देकर 10 पेटी अंग्रेजी शराब सहित स्कॉर्पियो वाहन को पकड़ा है.**

मामले में तीन आरोपी भी गिरफ्तार किए गए हैं जिसमें से एक रायपुर कर्चुलियान शराब दुकान का मैनेजर भी शामिल है. इस पूरी कार्रवाई के संबंध में बैकुंठपुर थाना प्रभारी घनश्याम मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम खम्हरिया निवासी रवि सिंह नामक युवक शराब की अवैध खेप लाकर खेत में छुपाया हुआ है जिसके बाद मौके पर पहुंचकर शराब जप्त करते हुए रवि सिंह को गिरफ्तार किया गया. रवि सिंह के साथ शराब लेने जाने वाले राघवेंद्र सिंह निवासी ग्राम मड़ौ नामक युवक को भी गिरफ्तार किया गया है जिसने अपने अकाउंट से पैसे ट्रांसफर किए थे.

# किशोरी से दुष्कर्म कर फरार आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 1 अप्रैल, सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जनवरी माह में किशोरी के साथ दुष्कर्म कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया है आरोपी फरारी के दौरान सूरत और गुजरात में मेहनत मजदूरी कर रहा था.**

इस पूरी कार्रवाई के संबंध में सेमरिया थाने के उप निरीक्षक ललन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी माह में थाने में किशोरी और उसके परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम सेमरी निवासी प्रांशु कुशवाहा द्वारा किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म किया गया है. घटना की घटना की रिपोर्ट होने के बाद आरोपी प्रांशु फरार हो गया था और गुजरात और सूरत में रहकर फरारी काट रहा था. जांच अधिकारी ने बताया कि एक दिन पूर्व ही मुखबिर से आरोपी के गांव आने की सूचना मिली जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है.


नवभारत

यदि आप में समाज के लिए कुछ करने का जुनून है तो

आवश्यकता है

देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के सतना संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।

**सब एडीटर**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का कार्य अनुभव। पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता

**प्रसार प्रतिनिधि**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का अनुभव स्वयं का वाहन अनिवार्य है

**रिपोर्टर**
योग्यता - स्नातक, रिपोर्टर क्षेत्र मे कम से कम 1 वर्ष का अनुभव, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

: संपर्क करें :

नवभारत प्रेस होटल साई छाया इन के सामने रीवा रोड, गहरा नाला सतना (म.प्र.)

फोन :- 9827271199, ई-मेल : navabharatsatna@gmail.com


# राजस्व-पुलिस समन्वय से कानून-व्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती

▸ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त बैठक




**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 1 अप्रै. जिले की कानून-व्यवस्था को सुदृ? एवं अभेद्य बनाने तथा विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी की संयुक्त अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में उच्च स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि प्रशासन और पुलिस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जिनका एकमात्र उद्देश्य जिले की जनता की सेवा, सुरक्षा और विश्वास को सुदृ? करना है।बैठक में अपर जिला मजिस्ट्रेट बीपी पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमन मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक सुजीत क?वे तथा रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जटिल विवादों का मौके पर निराकरण: वर्षों से लंबित भूमि विवाद, सीमांकन एवं अतिक्रमण के मामलों के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व (उपखंड अधिकारी/तहसीलदार) और पुलिस (अनुविभागीय अधिकारी पुलिस/थाना प्रभारी) की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कार्रवाई करेंगी। इससे विवादों के समाधान के साथ-साथ संभावित तनाव और हिंसक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

### अवैध उत्खनन पर सख्ती

रेत के अवैध उत्खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध पुलिस और राजस्व विभाग संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाएंगे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन के नेटवर्क को समाप्त करना प्राथमिकता है, वहीं एसपी श्री कोरी ने पुलिस बल को क?ी नाकेबंदी एवं त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99